CENTRE OF EXCELLENCE

GOVERNMENT COLLEGE SANJAULI,

SHIMLA-06

{NATIONAL SERVICE SCHEME}

Participation in Miss Chopal Contest

Miss Tsumani Mehaik

2nd Runner Up

{SESSION 2021-22}

एनएसएस इकाई की स्वयंसेविका सुनामी मेहाईक को महाविद्यालय के प्राचार्य ने दिया शुभ आशीष।

उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली एनएसएस इकाई की स्वयंसेविका सुनामी मेहाइक ने तहसील चौपाल द्वारा आयोजित मिस चौपाल प्रतियोगिता में भाग लिया था।

जिसमें चौपाल की 17 प्रतिभागियों ने भाग लिया था, इस प्रतियोगिता में फाइनल तक पहुंचने के लिए चार चरण थे और चारों चरणों को पार कर

सुनामी मिस चौपाल के फाइनल तक पहुंची तथा मिस चौपाल में तृत्य स्थान प्राप्त किया।



पहले चरण में अपना परिचय, दूसरे चरण में अपने हिमाचली संस्कृति का प्रदर्शन, तीसरे चरण में अपनी किसी प्रतिभा का प्रदर्शन और अंतिम चरण में 5 प्रतिभागियों का चयन होना था।

सुनामी ने अंतिम प्रक्रिया में अपनी जगह बनाकर निर्णायक मंडल द्वारा पूछे गए प्रश्न का बखूबी उत्तर दिया।

सुनामी की इस उपलब्धि से उनके माता-पिता व भाई-बहन ने खुशी ज़ाहिर की है।

साथ ही साथ सुनामी ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, भाई-बहन व गुरुजनों को दिया है । उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली के प्राचार्या डॉ चंद्रभान मेहता जी ने सुनामी को शुभकामनाएं दी है ।

इसके साथ-साथ महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ कामायनी बिष्ट एवं डॉ विकास नाथन ने भी सुनामी को शुभकामनाएं दी है तथा उज्जवल भविष्य की कामना की है।

Reported by: - Tsunami Mehaik

NSS Volunteer